बाल निगलने की आदत बनी 17 वर्षीय किशोरी के लिए गंभीर बीमारी का कारण, गीतांजलि हॉस्पिटल में सफल सर्जरी

उदयपुर। गीतांजलि हॉस्पिटल के जीआई सर्जन डॉ. हेमंत जैन एवं उनकी टीम ने एक 17 वर्षीय किशोरी का सफल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन प्रदान किया। किशोरी गंभीर कमजोरी की शिकायत के साथ अस्पताल पहुंची थी। जांच में उसका हीमोग्लोबिन मात्र 6 ग्राम प्रति डेसीलीटर पाया गया, जो सामान्य स्तर से काफी कम था। विस्तृत जांच के दौरान पता चला कि मरीज एक अत्यंत दुर्लभ चिकित्सीय स्थिति से पीड़ित थी, जिसमें उसे बार-बार अपने बाल खींचने और उन्हें निगलने की आदत थी। समय के साथनिगलेगए बाल उसके पेट में जमा होकर एक विशाल गांठ (ट्राइकोबेज़ोआर/) का रूप ले चुके थे। यह दुर्लभ स्थिति कई मामलों मेंरापुन्ज़ेलसिंड्रोम से भी जुड़ी हो सकती है, जिसमें बालों का गुच्छा पेट से आगे आंतों तक फैल सकता है। डॉ. हेमंत जैन ने बताया कि पेट में बालों के बड़े गुच्छे के कारण मरीज को पोषण नहीं मिल पा रहा था, जिसके चलते उसका हीमोग्लोबिन लगातार गिरता गया और वह अत्यधिक कमजोरी का शिकार हो गई। समय पर सही जांच और सर्जरी के निर्णय से ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया तथा पेट से बालों का पूरा गुच्छा निकाल दिया गया।सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है और वह चिकित्सकीय निगरानी में स्वस्थ हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार के मामलों में शारीरिक उपचार के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक परामर्श भी आवश्यक होता है, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो। डॉ. हेमंत जैन ने अभिभावकों से अपील की कि यदि बच्चों या किशोरों में अत्यधिक बाल झड़ने, बार-बार बाल खींचने, बाल चबाने या निगलने जैसी आदत दिखाई दे, तो इसे नजरअंदाज न करें। समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लेकर इस दुर्लभ लेकिन गंभीर समस्या का समय रहते उपचार किया जा सकता है।

उदयपुर। गीतांजलि हॉस्पिटल के जीआई सर्जन डॉ. हेमंत जैन एवं उनकी टीम ने एक 17 वर्षीय किशोरी का सफल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन प्रदान किया।

■ बच्चों के बाल निगलने की आदत को नजरअंदाज नहीं करे

मावली में दो ज्वैलरी दुकानों में लाखों की चोरी

मावली, (निसं)। उदयपुर जिले के मावली कस्बे के मुख्य बाजार में शुक्रवार तड़के अज्ञात चोरों ने दो ज्वैलरी दुकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण एवं अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। चोर दुकानों के पीछे की ओर से दीवार तोड़कर भीतर घुसे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचे तो घटना का पता चला। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर एकत्रित हो गए। चोरी की सूचना से पूरे बाजार में हड़कंप मच गया।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद पुलिस करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची, जिससे उनमें भारी नाराजगी व्याप्त है। व्यापारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए घटनास्थल पर विरोध-प्रदर्शन किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत खेगरों की भागल, पंचायत समिति गिर्वा, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः- 18 दिनांकः- 31.7.2026

-: ई निविदा सूचना- 03/2026-27 :-

ग्राम पंचायत खेगरों की भागल में महात्मा गांधी नरेगा/ विकसित भारत- जी राम जी अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 10.8.2026 प्रातः 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका UBN No ZUD2627GLOB01636 है।

प्रशासक ग्राम पंचायत-खेगरों की भागल पं.स. गिर्वा, जिला-उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत-खेगरों की भागल पं.स. गिर्वा, जिला-उदयपुर (राज.)

झोलाछाप के इलाज से युवक की मौत

■ बुखार में ड्रिप के बाद बिगड़ी तबीयत, जिला अस्पताल में भर्ती कराकर आरोपी फरार

डूंगरपुर, (निसं)। दोवड़ा थाना क्षेत्र के पारडाथुर गांव में एक झोलाछाप चिकित्सक के गलत इलाज से एक युवक की मौत हो गई। युवक को बुखार आने पर वह वह खुद रामगढ़ गांव में झोलाछाप के क्लीनिक पर आया। झोलाछाप ने उसका इलाज किया, लेकिन तबीयत बिगड़ गई। झोलाछाप खुद उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाने के बाद गायब हो गया। जहां युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन अब झोलाछाप पर गलत इलाज के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग पर अडे हैं।

दोवड़ा थाना क्षेत्र के पारडाथुर निवासी बाबूलाल ननोमा ने बताया कि उसके बेटे पूंजीलाल ननोमा की गुरुवार को तबीयत खराब हो गई। उसे हल्का बुखार आने लगा। जिस पर वह खुद अपनी मोटरसाइकिल से रामगढ़ गांव में हितेंद्र उर्फ सुखलाल पाटीदार के क्लीनिक पर गया। जहां झोलाछाप ने डॉक्टर की तरह इलाज किया। बुखार पर उसे इंजेक्शन लगाया। ड्रिप चढ़ाई और फिर एक टेबलेट भी दी। थोड़ी देर बाद युवक अपने घर चला गया, लेकिन घर जाते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई और बेहोश होकर नीचे गिर गया। जिस पर उसकी पत्नी सूर्या उसे लेकर वापस रामगढ में झोलाछाप के क्लीनिक पर पहुंची। जहां तबीयत ज्यादा खराब होने से झोलाछाप हितेंद्र पाटीदार अपनी कार से डूंगरपुर अस्पताल लेकर आया। इमरजेंसी में उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। इलाज के दौरान शुक्रवार तड़के पूंजीलाल की मौत हो गई। इसके बाद शव को डूंगरपुर अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखवाया गया।

रेडियम पट्टी लगाने के नाम पर वसूली, 8 गिरफ्तार

डूंगरपुर। जिला विशेष टीम (डीएसटी) ने नेशनल हाईवे 48 पर वाहनों में रेडियम रिफ्लेक्टर पट्टी लगाने के नाम पर अवैध वसूली करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 21 हजार रुपए नकदए एक अर्टिगा कारए फर्जी रसीदें, रेडियम पट्टियां, मोबाइल फोन और अन्य सामान जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि तीसरी आंख मोबाइल नंबर पर एक सूचना मिली थी। इसमें बताया गया था कि रतनपुर पुलिस चौकी के पास रात के समय कुछ बदमाश उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर आने.जाने वाले वाहनों को रोककर रेडियम पट्टी लगाने के बहाने ड्राइवरों से जबरन वसूली कर रहे हैं। इस सूचना पर डीएसटी ने बिछीवाडा थाना पुलिस और रतनपुर चौकी पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई की।

अमरचंद बड़वा की जयंती पर संगोष्ठी

उदयपुर। राजस्थान विद्यापीठ की अमरचंद बडवा शोध पीठ एवं अमरचंद बड़वा स्मृति संस्थान, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में अमरचंद बड़वा की जयंती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह के समापन दिवस पर शुक्रवार को प्रतापनगर स्थित कुलपति सचिवालय सभागार में अमरचंद बड़वा कालीन कला एवं संस्कृति विषय पर प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इतिहास, संस्कृति और मेवाड़ की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर वक्ताओं ने विस्तार से विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता वरिष्ठ इतिहासकार तेजसिंह तरूण ने कहा कि अमरचंद बड़वा का व्यक्तित्व केवल प्रशासनिक दक्षता तक सीमित नहीं था, बल्कि उनकी दूरदर्शिता, कला-प्रेम और सुरक्षा व्यवस्था की अनूठी समझ उन्हें इतिहास में विशिष्ट स्थान प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जीवन में अमरचंद बड़वा पर लिखा गया उनका लेख प्रतिष्ठित पत्रिका कादम्बिनी में प्रकाशित हुआ था, जिसके बाद इतिहास और लेखन के प्रति उनकी रुचि और अधिक बढ़ी। उन्होंने कहा कि राज्य की सुरक्षा के लिए बड़वा द्वारा निर्मित करवाई गई अद्भुत तोपें उनकी रणनीतिक सोच और उत्कृष्ट शिल्पकला का अनुपम उदाहरण हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानमल सोनी ने की। उन्होंने अमरचंद बड़वा के प्रशासनिक कौशल, दूरदर्शी नेतृत्व और समाज के प्रति उनके योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके कार्य आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं। मंत्री डॉ. राजेन्द्रनाथ पुरोहित ने मेवाड़ राज्य के इतिहास तथा कर्नल टॉड द्वारा वर्णित ऐतिहासिक तथ्यों का संदर्भ प्रस्तुत करते हुए अमरचंद बड़वा के योगदान को रेखांकित किया। वहीं लोकजन सेवा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जयराज आचार्य ने वर्ष 1751 से 1775 के मध्य मेवाड़ के चार शासकों के साथ अमरचंद बड़वा के संबंधों, तत्कालीन कला-संस्कृति, रहन-सहन और सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था पर शोधपरक व्याख्यान दिया। लोकजन सेवा संस्थान एवं अमरचंद बड़वा स्मृति संस्थान के अध्यक्ष प्रो. विमल शर्मा तथा संस्थापक महामंत्री जयकिशन चैबे ने अतिथियों एवं प्रबुद्धजनों का स्वागत किया।

अमरचंद बडवा कालीन कला एवं संस्कृति विषय पर प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2026/5560 दिनांक : 31/7/2026

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 07 दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री मंजु सुथार पिता श्री रामेश्वर शर्मा निवासी-लाल बाग रोड, उबा गणेशजी, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-15 क्षेत्रफल-1162.50 श्रीजी रेजीडेन्सी गौरव पथ रोड़, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-16	भूखण्ड संख्या-13 व 14	40 फिट रोड़	अन्य भूखण्ड
2	श्री नरोत्तम वैष्णव एवं श्री राजेश वैष्णव पिता श्री दामोदर दास वैष्णव	भूखण्ड संख्या-16 क्षेत्रफल-1200 श्रीजी रेजीडेन्सी गौरव पथ रोड़, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-17	भूखण्ड संख्या-15	40 फिट रोड़	अन्य भूखण्ड
3	श्री सज्जन सिंह पिता श्री मोहन एवं किशनलाल पिता श्री दुर्गाशंकर दवे	भूखण्ड संख्या-34 क्षेत्रफल-2137.50 वर्गफिट, गोर्वधन नगर, पानेरियों की मादडी, नाथद्वारा	30 फिट रोड़	कृषि भूमि	कृषि भूमि	भूखण्ड संख्या-33
4	श्री प्रकाश लाल जी भाई प्रजापती पिता श्री लालजी भाई प्रजापती	भूखण्ड संख्या-28 क्षेत्रफल-1860 वर्गफिट, शान्ति नगर, श्री नाथ कॉलोनी, पावटी भील बस्ती, नाथद्वारा	आम रास्ता 30 फिट	आ.रा. न.986 कृषि भूमि	भूखण्ड संख्या-27	भूखण्ड संख्या-29

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

स्वच्छता में उदयपुर बने देश का मॉडल शहर, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की पालना करें : के. के. गुप्ता

■ प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर ने नगर निगम में समीक्षा बैठक लेकर शहरी सेवा शिविर का किया औचक निरीक्षण

उदयपुर। स्वच्छ भारत मिशन राजस्थान सरकार के प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के. के. गुप्ता ने शुक्रवार को नगर निगम उदयपुर पहुंचकर निगम एवं उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली तथा शहरी सेवा शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शहर की स्वच्छता व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जन शिकायतों के निस्तारण तथा विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए, जिसमें संबंधित परिवादी द्वारा पट्टा, नामान्तरण और उप विभाजन को लेकर किए गए आवेदन पर 24 घंटे में परिवाद की कमियों से अवगत करवाएं।

बैठक को संबोधित करते हुए के. के. गुप्ता ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर पर जारी किए गए दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और शहर के समठा विकास का आधार है। सभी अधिकारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करें। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा साहब की मंशा के अनुरूप शहरी सेवा शिविरों को आमजन के लिए अधिक उपयोगी और प्रभावी बनाने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक परिवादी की दैनिक समस्या का अधिकतम 24 घंटे के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके और प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हो। नगर निगम एवं उदयपुर विकास प्राधिकरण की संयुक्त समीक्षा बैठक में गुप्ता ने कहा कि शहर की सभी नालियां एवं नाले नियमित रूप से साफ होने चाहिए, जिससे वर्षा ऋतु में जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न न हों। उन्होंने कहा कि समय पर सफाई व्यवस्था होने से नागरिकों को राहत मिलेगी तथा शहर की आधारभूत व्यवस्थाएं भी बेहतर बनी रहेंगी। उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा स्वच्छता को लेकर बनाए गए चार जोन की स्थिति बड़ी गंभीर है। चारों तरफ कचरा फैल रहा है, नालियों के पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होना तथा बाग़ बगीचों की दुर्दशा हो रही है और सड़कों के दुर्दशा चिंताजनक है। इसको लेकर उच्च अधिकारियों को लिखने के साथ-साथ जिम्मेदार अधिकारियों को पाबंद किया कि स्थितियां शीघ्र सुधारे। उन्होंने कहा कि उदयपुर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन के लिए विश्वभर में पहचान रखता है। ऐसे में शहर के पार्क एवं उद्यान स्वच्छ, व्यवस्थित और आकर्षक होने चाहिए। नगर निगम को इनके रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। गुप्ता ने कहा कि राजस्थान सरकार के प्रयासों से नगर निगम कार्यालय में लंबे समय से रिक्त पड़े आवश्यक पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं। अब सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वे टीम भावना के साथ कार्य करते हुए झीलों की नगरी उदयपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में भी प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के अठाणी शहरों में शामिल करें। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा विकास कार्य स्वच्छता है और उदयपुर अपनी प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के कारण विदेशों के प्रमुख पर्यटन नगरों को भी टक्कर देता है। ऐसे में इसकी स्वच्छता एवं सुंदरता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि उदयपुर की सभी झीलें स्वच्छ एवं सुंदर रहनी चाहिए। झीलों में गंदगी एवं प्रदूषण रोकने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर नियमित निगरानी की जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सके। बैठक में उन्होंने वृक्षारोपण को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक शहरी निकाय द्वारा प्रमुख मार्गों के दोनों ओर लगभग 12 फीट ऊंचाई के पौधों का रोपण किया जाना है।

के के गुप्ता

आबकारी विभाग के 2 अधिकारी सेवानिवृत्त

उदयपुर। आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने कहा कि अनुशासन से राजकीय दायित्व का निर्वहन करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी बधाई के पात्र है उनके भावी जीवन की कुशलता व स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित है। आबकारी आयुक्त विभागीय सभागार में राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी अतिरक्त आबकारी आयुक्त लीगल प्रकाश चंद्र रेगर एवं आबकारी अधिकारी मुख्यालय रियाजुद्दीन उस्मानी के सेवानिवृत्ति समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में आबकारी आयुक्त नीति प्रदीप सिंह सांगावत, अनिल कुमार शर्मा, अतिरिक्त आबकारी आयुक्त उदयपुर जोन प्रभा गौतम, वित्तिय सलाहकार सुनिता विजय सहित अन्य अधिकारियों ने भी सेवानिवृत्त अधिकारियों को जीवन के अग्रिम पड़ाव के शुमकामनाएं प्रदान की।

ग्राम पंचायत कितावतो का वास पंचायत समिति झाडोल जिला - उदयपुर (राज.)

क्रमांकः-ग्रा.प./2026-27/26 दिनांक-28.07.2026

-:ई निविदा सूचना 2026-27:-

ग्राम पंचायत कितावतो का वास में महात्मा गांधी नरेगा तथा वीबीजी रामजी तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्य के लिए वित्तिय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु उदयपुर की खुली ई निविदा दिनांक 08/08/2026 को सायं 6:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in / eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्र.सं.	विवरण	UBN No
	-ई निविदा सुचना 2026-27:- ग्राम पंचायत कितावतो का वास में महात्मा गांधी नरेगा तथा वीबीजी रामजी तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्य के लिए वित्तिय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु	ZUD2627GLOBO1584

प्रशासक ग्राम पंचायत कितावतो का वास

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत कितावतो का वास

Name Changed

I Have Changed My Name From Mariyam to Mariyam Ametwala For All Purposes. In Future be Called and Known by New Name. R/o 431, Gali No. 1, Garib Nawaz Colony, Mullatalai, Udaipur, Raj.

पैसिफिक मेडीडेंट इंटर कॉलेज बास्केटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन

उदयपुर। पैसिफिक मेडीडेंट इंटर कॉलेज बास्केटबॉल टूर्नामेंट का भव्य एवं सफल आयोजन 22 से 28 जुलाई तक पैसिफिक डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, देबारी, उदयपुर में किया गया। एक सप्ताह तक चले इस रोमांचक टूर्नामेंट में चार मेडिकल एवं डेंटल कॉलेजों की कुल सात टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। पूरे टूर्नामेंट में कुल 11 मुकाबले खेले गए, जिनमें कई रोमांचक एवं संघर्षपूर्ण मैच देखने को मिले। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में पैसिफिक डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, देबारी का सामना आरएनटी मेडिकल कॉलेज की टीम से हुआ। कड़े संघर्ष और शानदार खेल प्रदर्शन के बीच पैसिफिक डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, देबारी की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में पैसिफिक डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, देबारी की टीम का मुकाबला पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की टीम से हुआ।

बास्केटबॉल टूर्नामेंट में कुल सात टीमों ने हिस्सा लिया।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ./तामीर/2026/5557 दिनांक : 31/7/2026

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन कास्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 07 दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री देवांश सिसोदिया पिता श्री गौतमलाल सिसोदिया निवासी-धायला, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-01 क्षेत्रफल-1020 वर्गफिट, आरटीडीसी रोड, लाल बाग,नाथद्वारा	30 फिट रोड	मंगलम रेजीडेन्सी	अन्य भूमि	अन्य भूमि

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका मण्डल देवगढ जिला राजसमन्द (राज0)

क्रमांक/न.पा.दे./तामिर/2026-27/1863 **आपत्ति आमंत्रण पत्र** दिनांकः- 28.07.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नाकिंत आवेदको ने आवेदन पत्र पेश कर नगर पालिका देवगढ क्षैत्र में स्थित अपने भूखण्ड में भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति/निर्माण नियमितिकरण हेतु प्रार्थना पत्र एवं नक्शा प्रस्तुत किया है जो अवलोकन हेतु कार्यालय में उपलब्ध है। आवेदको के नाम मय पडौस निम्नानुसार है :-

क्र.सं.	नाम आवेदक	पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्रीमती अंजुम शेख पत्नि श्री युनुस मोहम्मद शेख निवासी स्टेडियम के पिछे देवगढ	आराजी नम्बर 6145/2740 की भूमि	आराजी नम्बर 6144/2740 की भूमि	आराजी नम्बर 2735 की भूमि	30 फिट चौडा रास्ता

अतः उपरोक्त भूखण्ड पर निर्माण स्वीकृति दिये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति पत्र मय प्रमाणित दस्तावेजो के इस सूचना पत्र के प्रकाशित होने के सात दिवस में प्रस्तुत कर दें। अन्यथा बाद अवधि गुजरने के कोई आक्षेप मान्य नही होगा।

राज.संवाद/सी/26/8264 अधिशाषी अधिकारी

पीएचडी की उपाधि

उदयपुर,। मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय की शोधार्थी कुसुम मीणा को 'भारत में महिलाओं के विरुद्ध विवाह-उपरान्त क्रूरता के सन्दर्भ में एक विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर शोध हेतु पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। यह शोध कार्य डॉ. अनुपमा उज्जवल तथा डॉ. आशुतोष पितलिया के निर्देशन में हुआ।

कार्यालय नगर पालिका वल्लभनगर, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांकः -निविदा/2026-27/123 दिनांक-29.07.2026

अल्पकालीन खुली बोली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका वल्लभनगर , जिला, उदयपुर में स्वीकृत निम्नांकित कार्यो के हेतु इच्छुक एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेंदको से खुली निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को नीचे दिये गये विवरण के अनुसार निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि के डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक कार्यालय नगर पालिका वल्लभनगर में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका वल्लभनगर के नाम से निर्धारित दिनांक व समय पर जमा कराना होगा। धरोहर राशि निविदा शुल्क प्राप्त नहीं होने पर उस निविदादाता की ऑफलाईन निविदाऐं खोली नहीं जाएगी। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्ते संलग्न की जा रही है। जिसकी विस्तृत जानकारी https://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय समय पर कार्यालय में देखी जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	निविदा प्रपत्र बेचने / डाउनलोड करने का दिनांक एवं समय	निविदा जमा कराने की दिनांक एवं समय	निविदा खोलने की दिनांक एवं समय
1	चबुतरा मय टीन शेड निर्माण कार्य कृषि मण्डी के पास शमशान में वल्लभनगर	3.00	6000	500	04.08.2026 सायं 5.00 बजे तक।	05.08.2026 दोपहर 12.00 बजे तक।	05.08.2026 दोपहर 2.00 बजे ।
2	विश्रान्ति गृह कर किर खेडा माता जी मंदीर के पास वल्लभनगर	5.00	10000	500			

UBN NO : DLB2627WSOB12724, DLB2627WSOB12729

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका वल्लभनगर